

## शेफाली को अपना स्वभाविक खेल खेलने की दी है आजादीः हरमनप्रीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शनिवार को कहा कि टीम मैनेजमेंट ने शेफाली वर्मा को अपना नैसर्गिक खेल खेलने की छूट दी है। इस युवा बल्लेबाज ने महिला टी20 वर्ल्ड कप में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। सोलह वर्षीय शेफाली ने अब तक टूर्नामेंट में 161 रन बनाए हैं और वह सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 4 मैचों में 18 चौके और 9 छक्के लगाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 161 है। शेफाली ने श्रीलंका के खिलाफ शनिवार को 34 गेंदों पर 47 रन बनाकर भारत को 7 विकेट से जीत दिलाई। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, शेफाली को बड़े शॉट खेलना पसंद है और हम उन्हें रोकना नहीं चाहते। उन्हें आगे भी ऐसा खेल जारी रखना चाहिए। भारत अपने सभी मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचा है और कप्तान ने कहा कि विजय अभियान बरकरार रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, श्जब आप जीत दर्ज कर रहे हों तब लय बनाए रखना महत्वपूर्ण होता है। आप वास्तव में कड़ी मेहनत करते हैं इसलिए आप लय टूटने का जोखिम नहीं उठा सकते। हालांकि आज के मैच में शेफाली को दो जीवनदान मिले थे।

# श्रीलंका को हराकर ग्रुप में टॉप पर पहुंचा भारत

**क्रिकेट**

### राधा यादव ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 23 रन देकर चार विकेट लिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। स्पिनर राधा यादव की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी और ओपनर शेफाली वर्मा की धमाकेदार पारी से भारत ने शनिवार को यहां आईसीसी टी20 महिला वर्ल्ड कप में श्रीलंका को 32 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अपना विजयी अभियान जारी रखा और ग्रुप ए में शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया।




राधा ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 23 रन देकर चार विकेट लिए जिससे भारत ने श्रीलंका को 9 विकेट पर 113 रन ही बनाने दिए। भारतीय टीम ने 14.4 ओवर में तीन विकेट पर 116 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। 16 साल की शेफाली फिर से अर्धशतक से चूक गईं लेकिन उनकी 34 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से खेली गई 47 रन की पारी से भारत एकतरफा जीत हासिल करने में सफल रहा। भारतीय टीम पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी लेकिन इस जीत से उसका ग्रुप ए में शीर्ष स्थान सुनिश्चित हो गया। भारत ने लीग चरण में अपने सभी चारों मैच जीते और इस तरह से उसने 8 अंक हासिल किए। अब उसकी टीम बढ़े मनोबल के साथ सेमीफाइनल में उतरेगी। श्रीलंका की यह लगातार तीसरी हार है। भारत के सामने छोटा लक्ष्य था और ऐसे में शेफाली और स्मृति मंधाना (12 गेंद पर 17 रन) ने आक्रामक तेवर अपनाए। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े। मंधाना ने मिड ऑन पर कैच देने बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर (14 गेंद पर 15) क्रीज पर उतरी। उन्होंने दो चौके और एक छक्का जड़कर अपना असली रंग दिखाया लेकिन वह सेमीफाइनल से पहले लंबी पारी नहीं खेल पाईं।

कप्तान हरमनप्रीत ने लॉन्ग ऑन के ऊपर से लंबा शॉट खेलने के प्रयास में सीमा रेखा पर कैच दिया। सभी की निगाहें हालांकि शेफाली पर टिकी थीं जो टूर्नामेंट में अपने पहले अर्धशतक की तरफ बढ़ रही थी लेकिन विकेटों के बीच धीमी दौड़ के कारण वह रन आउट हो गईं। इसके बाद जेमिमा रोड्रिग्ज (15) और दीप्ति शर्मा (15) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

इससे पहले राधा के गेंद संभालने के बाद श्रीलंका की पारी चरमरा दी। बायें हाथ की इस स्पिनर ने कप्तान चामरी अटापट्टू का महत्वपूर्ण विकेट भी लिया जिन्होंने श्रीलंका की तरफ से सर्वाधिक 33 रन बनाए। उन्हें राजेश्वरी गायकवाड़ (18 रन देकर दो) का भी अच्छा सहयोग मिला। पूनम यादव, शिखा पांडे और दीप्ति शर्मा ने 1–1 विकेट लिया।

## जैमीसन के पंजे में फंसा भारत, टॉम लाथम और ब्लंडेल ने न्यूजीलैंड को दी मजबूत शुरुआत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में अपने स्थिति मजबूत कर ली है। हेगली ओवल में खेले जा रहे मैच के पहले दिन भारत को 242 रनों पर समेटने के बाद कीवी टीम ने बिना कोई विकेट खोए 63 रन बना लिए हैं। भारतीय बल्लेबाजों ने जरूरी जज्बा तो दिखाया लेकिन गैरजिम्मेदाराना शॉट खेलकर अपने विकेट भी गंवाए जिसके कारण टीम पहली पारी में 242 रन ही बना पायी। पृथ्वी साव ने जहां आक्रामक तेवर अपनाकर 64 गेंदों पर 54 रन बनाए, वहीं पुजारा (140 गेंदों पर 54) ने अपना चिर परिचित धैर्य दिखाया। साव की तरह हनुमा विहारी (70



गेंदों पर 55 रन) ने भी गेंदबाजों पर हावी होने की रणनीति अपनाई।

विहारी के टी ब्रेक से ठीक पहले आउट होने के बाद भारतीय पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। काइल जैमीसन (45 रन देकर 5 विकेट) ने चाय के विश्राम के बाद भारतीय पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपने दूसरे टेस्ट मैच में ही पांच विकेट लेने का कारनामा दिखाया। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी की अच्छी शुरुआत की और स्टंप उखड़ने तक बिना किसी नुकसान के 63 रन बनाए। टॉम लाथम (नाबाद 27) और टॉम ब्लंडेल (नाबाद 29) को भारतीय तेज गेंदबाज खास परेशान नहीं कर पाए। पिच दूसरे और तीसरे दिन बल्लेबाजी के लिए अच्छी रहेगी। न्यूजीलैंड अगर इसका फायदा उठाता है तो फिर विराट कोहली और उनकी टीम पर दो मैचों की सीरीज 0–2 से गंवाने का खतरा गहरा जाएगा।

घसियाली पिच पर तीन भारतीय बल्लेबाजों साव, विहारी और पुजारा ने दिखाया कि रन बनाना मुश्किल नहीं है लेकिन इन तीनों ने ढीले शॉट खेलकर अपने विकेट इनाम में भी दिए। भारत के पुछल्ले बल्लेबाज फिर से उपयोगी योगदान देने में नाकाम रहे।

## हनुमा विहारी बोले, पिच की गलती नहीं, बल्लेबाजों की गलतियों से आउट हुए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्राइस्टचर्च। ऑलराउंडर हनुमा विहारी ने शनिवार को कहा कि खराब शॉट चयन के कारण भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 242 रन के स्कोर पर सिमट गई जबकि पिच इतनी खराब नहीं थी और इससे दो टेस्ट मैचों की सीरीज में वापसी की उनकी उम्मीद को झटका लगा है। दूसरे और अंतिम टेस्ट के शुरुआती दिन न्यूजीलैंड ने स्टंप तक बिना विकेट गंवाए 63 रन बना लिए थे। विहारी ने 70 गेंद में 55 रन की पारी खेलकर प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि वह आक्रमण करना चाहते थे ताकि चेतेश्वर पुजारा अपना नैसर्गिक खेल खेल सकें। विहारी ने कहा, 'हां, निश्चित रूप से, क्योंकि पिच उतनी खराब नहीं थी जैसी हमने उम्मीद की थी। उन्होंने सही लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी की और वे जानते थे कि यह पिच कैसा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, पृथ्वी ने लय तय की, पुजारा ने समय लिया लेकिन सभी खिलाड़ी गलत समय पर आउट हुए। कोई भी खिलाड़ी पिच के कारण आउट नहीं हुआ। ज्यादातर खिलाड़ी अपनी गलतियों से पविलियन पहुंचे। पिच ठीक–ठाक थी।' इस पिच पर पहली पारी के हिसाब से 300 से ज्यादा का स्कोर आदर्श होता।

## न्यूज डायरी



### टीचर बनी जेमिमा रोड्रिग्स, बच्चों को सिखा रहीं डांस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महिला टी20 वर्ल्ड कप में उतरी टीम इंडिया का अजेय अभियान जारी है। भारत ने शनिवार श्रीलंका को 7 विकेट से हराकर अपने चौथे और अंतिम लीग मैच में जीत दर्ज की है। जीत की पटरी पर सरपट दौड़ रही टीम इंडिया ऐसे में मौज–मस्ती का भी कोई मौका नहीं गंवा रही हैं। मौज–मस्ती करने में सबसे आगे टीम की मिडल ऑर्डर बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स हैं, जो डांस कर खुद को कूल करने का कोई मौका नहीं छोड़तीं। हाल ही में जेमिमा को ऑस्ट्रेलिया की एक सिक्योरिटी गार्ड के साथ डांस करने का विडियो खूब वायरल हुआ था। अब जेमिमा ऑस्ट्रेलियाई बच्चों को डांस सिखा भी रही हैं। आईसीसी ने आज अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जेमिमा का डांस सिखाने वाला यह विडियो पोस्ट किया है। जेमिमा के डांस वाले ये विडियो देखकर यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं कि क्रिकेट के बाद उनकी सेकंड हॉबी डांस ही है।

### नडाल अकापुल्को टेनिस के फाइनल में, फ्रिट्ज से सामना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लास एंजिलिस। विश्व के नंबर दो राफेल नडाल ने एटीपी मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में ग्रिगोर दिमित्रोव को हराकर यहां अपने तीसरे खिताब की तरफ कदम बढ़ाया। नडाल ने 15 साल पहले यहां पहली बार चैम्पियन बने थे। उन्होंने 2013 में दूसरी बार इस खिताब को अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में उनका जीत हार का रिकार्ड 18–2 का है। शीर्ष वरीयता प्राप्त नडाल ने एक घंटे 41 मिनट तक चले इस मुकाबले को 6–3, 6–2 से अपने नाम किया। फाइनल में उनका सामना अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज से होगा। गैरवरीय फ्रिट्ज ने एक अन्य सेमीफाइनल में हमवतन जॉन इसनर को 2–6, 7–5, 6–3 से हराया।

### क्विटोवा और साबलेंका में होगा खिताबी मुकाबला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दोहा। पेट्रो क्विटोवा ने तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मैच में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एशलीग बार्टी को हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला बेलारूस की आर्यना साबलेंका से होगा। दो बार की विंबलडन विजेता क्विटोवा ने बार्टी को 6–4, 2–6, 6–4 से हराया और अपने करियर में 37वीं बार डब्ल्यूटीए फाइनल में जगह बनायी। दोहा में वह दूसरी बार फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले उन्होंने 2018 में खिताब जीता था। इससे पहले साबलेंका ने रूस की स्वेतलाना कुजनेत्सोवा को 6–4, 6–3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। साबलेंका अपने करियर में दसवीं बार डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंची है। साबलेंका ने अब तक पांच डब्ल्यूटीए खिताब जीते हैं लेकिन वह कभी ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंची है।

### पीएसएल में क्रिस लिन का विडियो वायरल, सिर से धुआं निकलता आया नजर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर क्रिस लिन का एक विडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है जिसमें उनके सिर से धुआं निकलता नजर आ रहा है। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में लाहौर कलंदर्स के लिए खेल रहे लिन का यह विडियो शुक्रवार का है। रावलपिंडी में पीएसएल के 11वें मैच में पेशावर जाल्मी और लाहौर कलंदर्स के बीच भिड़ंत हुई। वर्षा बाधित इस मुकाबले में हालांकि लिन की टीम को 16 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी। 12–12 ओवर के इस मैच में पेशावर टीम ने 7 विकेट पर 132 रन बनाए जिसके बाद लाहौर टीम 6 विकेट पर 116 रन ही बना सकी। लिन ने 15 गेंदों पर 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 30 रन बनाए जबकि समित पटेल 15 गेंदों पर 34 रन बनाकर नाबाद रहे। इस बीच लिन का एक विडियो वायरल हो गया। उस वक्त लिन फील्डिंग कर रहे थे कि उनके सिर से धुआं निकलता नजर आया। इसके बाद लोग सोशल मीडिया पर लिखने लगे कि लिन अपनी टीम की गेंदबाजी से काफी नाराज थे।